प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी राज्य सरकार।
- प्रदेश में बीते दो वर्षों में दो सौ 22 ऑटोमैटिक मिल्क कलैक्शन यूनिट स्थापित।
- श्री गुरू तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व पर शिमला में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन–भव्य नगर कीर्तन में लोगों ने लिया बढ़चढ़ कर भाग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–राज्य सरकार की अनदेखी के चलते प्रदेश में विकास कार्य ठप्प।
- मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास में शरद उत्सव का आयोजन–हिमाचली संस्कृति व खान–पान से रूबरू हुए लोग।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार 15 नवम्बर से प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई आरंभ करेगी और इसे समूल नष्ट किया जाएगा। शिमला में आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि चिट्टे के खिलाफ आगामी 3 माह तक व्यापक और बहुस्तरीय अभियान आयोजित किया जाएगा। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी ––– मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 15 नवम्बर को शिमला के रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक एंटी चिट्टा रैली का शुभारम्भ करेंगे। इस रैली में विधायक, छात्र और समाज के सभी वर्गों के लोगा हिस्सा लेंगे और तीन महीने तक चलने वाले इस अभियान के दौरान चिट्टे के खिलाफ बहुस्तरीय कार्रवाई की जाएगी। राज्य स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक की जाने वाली ये कार्रवाई अब तक चिट्टा के खिलाफ सबसे बड़ा प्रहार होगा। अभियान के दौरान जिला, उपमंडल और अन्य स्तरों पर भी एंटी चिट्टा रैलियां आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश में चिट्टा से सबसे अधिक प्रभावित पंचायतें चिन्हत कर ली गई हैं और इन पंचायतों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों और नशे के सेवन व अवैध कारोबार को रोकने के लिए पंचायत स्तर पर नशा निवारण समितियों का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के प्रयास पंचायत स्तर पर नशा निवारण और चिट्टे के अवैध कारोबार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश में दो वर्षों में दो सौ 22 ऑटोमैटिक मिल्क कलैक्शन यूनिट स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिला के कड़छम या टापरी में दुग्ध प्रसंघ केंद्र स्थापित किया जाएगा ताकि इसके उत्पादों को सेना और स्थानीय लोगों को उपलब्ध करवाया जा सके। मुख्यमंत्री ने प्रसंघ को अपने उत्पादों का बेहतर विपणन और उनकी उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि कांगड़ा जिला के लुथान में 85 करोड़ रूपए की लागत से निर्माणाधीन सुखाश्रय परिसर में करीब 4 सौ निराश्रित महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों के लिए रहने की सुविधा मिलेगी। लुथान में आज सुखआश्रय परिसर में निर्माण कार्यों का जायजा लेने के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। धनीराम शांडिल ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार अनाथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए ठोस कदम उठा रही है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओं में जाईका वानिकी परियोजना द्वारा खोले गए मल्टीपर्पज आउटलेट का लोकार्पण किया। इसमें परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सभी तरह के प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री होगी। इस अवसर पर

जगत सिंह नेगी ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ संवाद कर उनकी आर्थिकी के बारे में चर्चा की। उन्होंने वानिकी परियोजना द्वारा प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। इस बीच राजस्व मंत्री ने कल्पा विकास खंड की रोघी पंचायत में 77 लाख रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण भी किए।

शहीदी दिवस

श्री गुरू तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर आज शिमला के रिज मैदान पर श्री गुरू सिंह सभा द्वारा राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर जी को महान योद्धा, आध्यात्मिक व्यक्तित्व और मातृभूमि के रक्षक के रूप सदैव याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन दर्शन से प्रेरित होकर युवा अपने उज्ज्वल भविष्य का मजबूत आधार रख सकते हैं।

इस दौरान शिमला में भव्य नगर कीर्तन व पाठ का आयोजन भी किया गया। इस अवसर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि हिन्द की चादर श्री गुरू तेग बहादुर जी महाराज ने धर्म की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए अपना शीश बलिदान कर दिया जो दुनिया में सर्वोच्च बलिदान है। उन्होंने कहा कि पूरा देश उनके बलिदान का सदा ऋणी रहेगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार की अनदेखी के चलते प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हो गए हैं। धर्मशाला से जारी एक बयान में उन्होंने मुख्यमंत्री को कांगड़ा जिला की समस्याओं का समाधान करने और केंद्रीय विश्वविद्यालय के कैंपस निर्माण पर ध्यान देने की सलाह दी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एक के बाद एक कई डेडलाईन समाप्त हो गई लेकिन केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के कैंपस निर्माण का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने अपना आधे से ज्यादा समय प्रदेश के लोगों के मुद्दों को अनदेखा करने में ही गुजार दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार को भाजपा विधायकों के क्षेत्रों के साथ भेदभाव न करने और पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की सलाह भी दी है। इस बीच जयराम ठाकुर ने कांगड़ा में आयोजित 46 अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अधिवेशन में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि ये अधिवेशन युवाओं में संगठन, राष्ट्रवाद व सेवा भावना को और अधिक सशक्त बनाने का मंच है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने भी युवाओं का मार्ग दर्शन किया।

शरद उत्सव

शिमला के समीप मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास में आज शरद उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शामिल हुए लोगों को हिमाचली संस्कृति और खान–पान से रूबरू होने का मौका मिला। इस अवसर पर शिमला जिला के स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों ने शरद उत्सव में मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा नाटी किंग कुलदीप शर्मा और जम्मू कश्मीर राइफल्स के लघु प्रताप बैंड ने भी वहां उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। राष्ट्रपति निवास के प्रबंधक संजू डोगरा व अन्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। राष्ट्रपति निवास में शरद उत्सव के आयोजन में मार्किटिंग एसोसिएट अजय भारद्वाज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौरतलब है कि राष्ट्रपति निवास अपनी विशिष्ट निर्माण शैली और खूबसूरत मशोबरा घाटी के कारण देश विदेश के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। वर्ष 1850 में बना ये ऐतिहासिक भवन अपने एक सौ 75 वर्ष पूरे कर रहा है।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कृषि विभाग के अधिकारियों को कृषि अवसंरचना कोष के तहत किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। वे आज पालमपुर में कृषि अवसंचना कोष के तहत आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चंद्र कुमार ने कहा कि कृषि अवसंचना के तहत स्वीकृत होने वाली योजनाओं में किसानों को 6 फीसदी की दर से ऋण मिलता है जो उनकी आय व आजीविका सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

राजीव भारद्वाज

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा है कि भू–स्खलन की घटनाओं को रोकने के लिए वैज्ञानिक व तकनीकी दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। वे आज धर्मशाला में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान मंडी– पठानकोट और शिमला–मटौर फोरलेन परियोजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। राजीव भारद्वाज ने इन परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि इन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि ये दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग न केवल प्रदेश की परिवहन सुविधा को बेहतर बनाएंगे बल्कि पर्यटन व औद्योगिक विकास को भी नई दिशा देंगे।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी राज्य सरकार।
- प्रदेश में बीते दो वर्षों में दो सौ 22 ऑटोमैटिक मिल्क कलैक्शन यूनिट स्थापित।
- श्री गुरू तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व पर शिमला में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन–भव्य नगर कीर्तन में लोगों ने लिया बढ़चढ़ कर भाग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–राज्य सरकार की अनदेखी के चलते प्रदेश में विकास कार्य ठप्प।
- मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास में शरद उत्सव का आयोजन–हिमाचली संस्कृति व खान–पान से रूबरू हुए लोग।